>

Title: Need to formulate a policy for the protection of Environment keeping in view the increasing level of pollution in the country.

श्री कमल किशोर 'कमांडो' (बहराइच) : सभापति जी, मैं आज देश में बढ़ते हुए प्रदुषण पर चिंता व्यक्त कर रहा हूं। जिस इलाके से मैं आता हूं वहां हमेशा बाढ़ का प्रकोप रहता है और उसके कारण प्रदुषण फैलता है, जिसके कारण तमाम प्रकार की बीमारियां फैलने लगती हैं। उन्हें कंट्रोल करने के लिए लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। मेरी यह मांग है कि ऐसे तमाम पिछड़े इलाकों में जहां बाढ़ के कारण प्रदूषण फैलता है, वहां अस्पताल से लेकर अन्य सभी प्रकार की व्यवस्थाएं होनी चाहिए। मेरा क्षेत्र बहराइच है और वहां के पानी में बहुत बड़ी मात्रा में आर्सेनिक पदार्थ है जिसके कारण बड़ी मात्रा में लोगों में बीमारियां फैलती हैं। वहां के गन्ना मिलों से जो पानी निकलता है उसके कारण लोग बीमारियों के शिकार होते रहते हैं। लोगों को बीमारियों से बचाने के लिए और गन्ना मिलों के पानी की शुद्धता के लिए मेरी यह मांग है कि वहां पर्यावरण संरक्षण की नीति बनाई जाए, जिससे वहां बीमारियों को रोका जा सके। अगर पर्यावरण संरक्षण की नीति नहीं बनेगी तो यूपी के पूर्वी भागों में, जहां नदियों के पानी से लोग परेशान रहते हैं बीमारियों को बढ़ने से नहीं रोका जा सकेगा। मेरी यूपी सरकार और केन्द्र सरकार से यह मांग है कि इन नदियों पर मजबूत बांध बनाए जाएं। धन्यवाद।

MR. CHAIRMAN : Shri Badu Deb Acharia, earlier your name was called and you were not present. Would you like to speak now or later?

SHRI BASU DEB ACHARIA (BANKURA): Sir, I can speak just now.

MR. CHAIRMAN: Then, you may please finish in only two minutes.

SHRI BASU DEB ACHARIA : I cannot finish in two minutes.

MR. CHAIRMAN: No, that is all. Then, we are going to the next item.